E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–45/2023..........................

आदेश

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0–7073 दिनांक–15.09.2023 के विरूद्ध अपीलार्थी श्री शतीष चन्द्र नाग, (Emp. ID No.- AEN04355), संविदा समाप्त पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, लखीसराय द्वारा ''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)'' में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत प्रस्तुत अपील दायर किया गया है।

निर्धारित तिथि एवं समय पर अपील की सुनवाई की गयी।

उभय पक्ष उपस्थित।

अपीलार्थी का वाद संक्षिप्त रूप में निम्नवत हैः–

सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), लखीसराय द्वारा दिनांक–09.06.2023 को श्री शतीष चन्द्र नाग, विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध लापरवाही, वरीय पदाधिकारियों के आदेश की अवहेलना, कार्य में अभिरूचि न लेना एवं अनुशासनहीनता का आरोप प्रतिवेदित किया गया। उक्त प्रतिवेदन के आलोक में बन्दोबस्त कार्यालय, लखीसराय द्वारा दिनांक 21.04.2023 को स्पष्टीकरण की मांग गयी है। स्पष्टीकरण तथ्य से परे होने के कारण बन्दोबस्त कार्यालय, लखीसराय द्वारा श्री नाग की सेवा समाप्ति की अनुशंसा की गयी। दिनांक 17.08.2023 को निदेशालय के पदाधिकारियों द्वारा लखीसराय अंतर्गत रामगढ़ चौक, शिविर का निरीक्षण किया गया। उक्त पदाधिकारियों द्वारा श्री नाग को कार्य में लापरवाही, शिथिलता एवं उदासीनता बरतने के आरोप में इनकी सेवा समाप्ति की अनुशंसा की गयी।

उक्त आरोपों के आलोक में विधिसम्मत् कार्रवाई करते हुए श्री नाग का अनुबंध रद्द किया गया है।

श्री शतीष चन्द्र नाग का कहना है कि मेरे साथ मो0 युनूस आलम, श्री रंजीत कुमार शाह एवं श्री नवीन कुमार से भी स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी, उनका स्पष्टीकरण स्वीकार हो गया, परन्तु मेरा स्पष्टीकरण अमान्य करते हुए अनुबंध समाप्त कर दिया गया। इनके द्वारा आगे बताया गया कि हम संपूर्ण कार्य निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी से करते है। शिविर प्रभारी एवं कानूनगो द्वारा मुझे तथा अन्य कर्मियों को परेशान एवं प्रताड़ित किया जाता है। कानूनगो के समक्ष याद्दाश्त पारित करने हेतु पंजी को अनावश्यक कई दिनों तक अपने पास रखा जाता है, जिससे कार्य में विलंब होता है।

अभिलेख से अवलोकन, अपीलार्थी के कथन एवं निदेशक मंतव्य से स्पष्ट होता है कि श्री शतीष चन्द्र नाग द्वारा लखीसराय जिले के रामगढ़ चौक, शिविर संख्या–1 में 11.10.2022 को योगदान दिये है। इनको आवंटित ग्राम– बछिया विघा, थाना नं0–02 जिसका कुल खेसरा 1493 है। 08.06.2023 तक लगभग 08 महीने में मात्र 815 खेसरे का खानापुरी की गयी। निदेशालय के पदाधिकारियों के प्रतिवेदन के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि रामगढ़ चौक, शिविर संख्या–01 में अंतिम प्रकाशित कुल मौजों की संख्या–0 तथा दिनांक–17.08.2023 तक प्रपत्र–6 की प्रविष्टि अपूर्ण है। इस प्रकार से स्पष्ट है कि नाग द्वारा कार्य में घोर शिथिलता एवं लापरवाही बरती गयी है। ज्ञातव्य हो कि सर्वे एक निश्चित समय सीमा के अंदर किया जाना है।

उक्त विवेचना के आलोक में निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0–7073 दिनांक–15.09.2023 में किसी प्रकार की हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

अतः श्री शतीष चन्द्र नाग, (Emp. ID No.- AEN04355), संविदा समाप्त पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, लखीसराय द्वारा दायर अपील अस्वीकृत किया जाता है।

ह0/–
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

E-Mail

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–45 / 2023.....12730.....**पटना, दिनांक :–**.....12/07/2024

प्रतिलिपिः– श्री शतीष चन्द्र नाग, (Emp. ID No.- AEN04355), संविदा समाप्त, पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, लखीसराय, Email ID- stshchandra0612@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

12/7/2024

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–45 / 2023.....12730.....**पटना, दिनांक :–**.....12/07/2024

प्रतिलिपिः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, लखीसराय / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), लखीसराय को सूचनार्थ प्रेषित।

12/7

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–45 / 2023.....12730.....**पटना, दिनांक :–**.....12/07/2024

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12/7

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–45 / 2023.....12730.....**पटना, दिनांक :–**.....12/07/2024

प्रतिलिपिः– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

12/7

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–45 / 2023.....12730.....**पटना, दिनांक :–**.....12/07/2024

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

12/7/2024

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः– 03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–45 / 2023.....12730.....**पटना, दिनांक :–**.....12/07/2024

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/7/2024

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप